संपादकीय

बिश्केक का हासिल

किर्गीजिस्तान की राजधानी बिश्केक में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन का सबसे ज्यादा जोर आतंकवाद पर रहा, लेकिन इसका असर सिर्फ इस एक मसले तक सीमित नहीं रहेगा। एससीओ आठ देशों का ऐसा मंच है जो अपने स्वरूप में क्षेत्रीय है, लेकिन मौजूदा वैश्विक समीकरणों में इसकी एक संतुलनकारी भूमिका बनने लगी है। इस संगठन की धुरी चीन और रूस रहे हैं, फिर चार मध्य एशियाई देशों की पहचान इससे जुड़ी, जबकि 2017 से भारत और पाकिस्तान इसके पूर्ण सदस्य हैं। खास बात यह कि इस बैठक में बतौर अतिथि अफगानिस्तान और ईरान को शामिल किया गया था, जिन पर अभी पूरी दुनिया की नजर है।

ट्रेड वॉर की मौजूदा पृष्ठभूमि में हुई इस बैठक में विश्व व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना को मिल रही चुनौतियों की छाया दिखी। बिश्केक घोषणा में इसे स्पष्ट देखा जा सकता है। परस्पर सहयोग और व्यापार को बढ़ावा देने वाले उपायों पर तो सम्मेलन का जोर रहा ही, साथ में कई ऐसी बातें रेखांकित की गईं जो अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की एकतरफा फैसले करने की प्रवृत्ति से उपजी हैं। घोषणा में साफ कहा गया कि कुछ खास देशों द्वारा संरक्षणवादी कदम उठाए जाने से बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था की जमीन कमजोर हो रही है। एससीओ ने सीरिया के हालात सुधारने के लिए उसकी संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता को सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण बातचीत को समस्या के समाधान का एकमात्र रास्ता बताया है। संगठन ने बाहरी अंतरिक्ष को हथियारों से मुक्त रखने की अहमियत को भी रेखांकित किया। यूरेशिया के इस उभरते मंच ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना पर जोर देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कम करके नहीं देखा जाना चाहिए। जहां तक भारत के नजरिए का सवाल है तो एससीओ में उसकी बढ़ी हुई भूमिका की झलक बार-बार मिली। आतंकवाद पर उसके दृष्टिकोण की पुष्टि इस शिखर बैठक ने की। माना गया कि किसी भी देश को अपनी सीमा के भीतर आतंकवाद को बढ़ावा देने की छूट नहीं दी जा सकती। इस मुद्दे पर कतराकर निकल जाने की पाकिस्तानी कोशिशें अब दुनिया के बाकी मंचों की तरह एससीओ में भी नाकारा साबित हो चुकी हैं। लेकिन इस संदर्भ में हमें आगे एक सावधानी भी बरतनी होगी।

आजादी के बाद से ही दुनिया भारत और पाकिस्तान को आपस में जूझ रहे एक जोड़े की तरह देखती आ रही थी। 21 वीं सदी के शुरुआती सालों में पहले वाजपेयी और फिर मनमोहन सिंह की सरकारों के अथक प्रयासों से भारत इस बंधी-बंधाई छवि से मुक्त हुआ और इसे एक अलग विश्व शक्ति की तरह देखने की शुरुआत हुई। आतंकवाद के मोर्चे पर कोई ढील दिए बगैर हमें ध्यान रखना होगा कि अनजाने में ही कहीं दुनिया हमें एक बार फिर पाकिस्तान जैसे विफल राष्ट्र के जुड़वां की तरह न देखने लगे।

वाट्सऐप का गलत इस्तेमाल पड़ेगा भारी, कंपनी करेगी कानूनी कार्रवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। वाट्सऐप का अगर आप भी बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो ये खबर आपके लिए पढ़ना बेहद जरूरी है। वरना आप कानून दांवपेंच में फंस सकते हैं। फेसबुक के स्वामित्व वाले इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप वाट्सऐप ने कहा है कि ऐप का गलत इस्तेमाल करने वाले लोगों और कंपनियों के खिलाफ वह कानूनी कार्रवाई करेगी और जुर्माना भी लगाएगी। कंपनी ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति या कंपनी व्हाट्सएप का गलत इस्तेमाल करता है, टर्म्स और कंडीशन का उल्लंघन कर बहुत से लोगों को मैसेज भेजता है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

व्हाट्सएप ने कहा है कि वह उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जो ऑटोमेटेड या बल्क मैसेजिंग करते हैं, जो नॉन पर्सनल यानी व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए नहीं है। हालांकि कंपनी ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि वह किस प्रकार की कार्रवाई करेगी। व्हाट्सएप ने ये साफ कर दिया है कि उनका प्रोडक्ट बल्क मैसेजिंग के लिए या ऑटोमेटेड मैसेजिंग के लिए नहीं है। व्हाट्सएप का ये बयान एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया था कि लोकसभा चुनाव में इस एप का इस्तेमाल क्लोन एप के जरिए किया गया है।

फ्री क्लोन एप के जरिए व्हाट्सएप यूजर्स को बल्क मैसेज भेजने की सुविधा मिलती है। ये वैसा ही क्रैसडाउन है, जो पिछले साल सैनफ्रांसिस्को में देखने को मिला था। जिसके बाद कंपनी ने किसी भी मैसेज को सिर्फ 5 लोगों तक की फॉर्वर्ड करने तक सीमित कर दिया था। पिछले साल व्हाट्सएप भारत में हो रही तमाम मॉब लिचिंग को लेकर भी विवाद में रहा, जिसमें व्हाट्सएप ग्रुप पर गलत जानकारी साझा की गई थी। भारत सरकार भी व्हाट्सएप पर फेक न्यूज को रोकने के लिए दबाव बना रही है।

शुरुआती कारोबार में रुपया 11 पैसे मजबूत

मुंबई (आरएनएस)। घरेलू शेयर बाजार की शुरुआती बढ़त और कच्चे तेल के दाम में नरमी से मंगलवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआती कारोबार में 11 पैसे बढ़कर 69.80 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा डीलरों ने कहा कि निर्यातकों के अमेरिकी मुद्रा की बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि , विदेशी पूंजी निकासी से रुपये पर थोड़ा दबाव रहा। अंतरबैंकिंग विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मजबूती के साथ 69.82 रुपये पर खुला और शुरुआती कारोबार में 69.80 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 69.91 रुपये पर बंद हुआ था। शेयर बाजार के पास मौजूद प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक , विदेशी निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 331.21 करोड़ रुपये की निकासी की।

रीयल एस्टेट कंपनी सोभा को मिला शीर्ष राष्ट्रीय रीयल्टी ब्रांड का सम्मान

बेंगलुरू (आरएनएस)। देश की प्रमुख रीयल एस्टेट कंपनी सोभा को सभी श्रेणियों की परसंपत्तियों में शीर्ष राष्ट्रीय रीयल्टी ब्रांड का सम्मान दिया गया है। ब्रांड एक्स रिपोर्ट 2018-19 में कंपनी को लगातार पांचवी बार यह सम्मान दिया गया है। ट्रैक2रीयल्टी द्वारा किए जाने वाले वार्षिक अध्ययन में सोभा को 'भारतीय रीयल एस्टेट का राष्ट्रीय ब्रांड प्रणेता' बताया गया है। लगातार पांच साल यह सम्मान पाने वाली सोभा पहली कंपनी है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोभा को शीर्ष राष्ट्रीय रीयल्टी ब्रांड, दक्षिण भारत में शीर्ष ब्रांड, आवासीय क्षेत्र में शीर्ष ब्रांड और लक्जरी आवास श्रेणी में शीर्ष ब्रांड चुना गया है। कंपनी के उप ब्रांड सोभा ड्रीम सीरीज को सस्ते आवास श्रेणी में शीर्ष ब्रांड चुना गया है।

सजा से बचने के लिए भगोड़े नीरव मोदी ने चला नया दांव, कोर्ट के सामने रखी ये बात

नईदिल्ली (आरएनएस)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के आरोपी और मनी लॉन्ड्रिंग केस के भगोड़ा साबित किया जा चुका हीरा कारोबारी नीरव मोदी नए-नए पैंतरे चल रहा है। अब उसने सजा से बचने के लिए नया दांव खेला है। नीरव मोदी के वकील ने मुंबई कोर्ट से कहा है कि वह इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकता। वकील ने तर्क दिया है कि नीरव मोदी पर लगे आरोप की सुनवाई धन शोधन निवारण अधिनियम और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत नामित अदालत द्वारा ही की जा सकती है। गौरतलब है कि मुंबई की सिटी सिविल एंड सेशंस कोर्ट में सोमवार को इस मामले की सुनवाई होनी थी।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने नीरव मोदी के वकील द्वारा दायर किए गए आवेदन पर नोटिस जारी किया है और अब आवेदन पर जवाब और सुनवाई के लिए मामले को 25 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है। बता दें कि भारत के सरकारी बैंकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करके लंदन भागे हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर वहां भी शिकंजा कसता दिख रहा है।

लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने नीरव मोदी की जमानत याचिका चौथी बार खारिज कर दी है। ऐसे में उसे अभी लंदन की जेल में और दिन गुजरना होगा। नीरव मोदी कई बैंकों को 13 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाकर पिछले करीब 15 महीने से फरार है। नीरव मोदी की साजिश की वजह से पीएनबी बैंक की आर्थिक रफ्तार रुक गई थी।

घरेलू निवेशकों का वाणिज्यिक रीयल्टी क्षेत्र में पूंजी निवेश 92 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय निवेशकों का विदेशों में वाणिज्यिक रीयल एस्टेट में पूंजी निवेश 2018 की पहली तिमाही और 2019 की पहली तिमाही के बीच 92 प्रतिशत बढ़कर 70 करोड़ डालर (करीब 4,893 करोड़ रुपये) रहा। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। संपत्ति के बारे में परामर्श देने वाली वैश्विक कंपनी नाइट फ्रैंक ने कहा कि निवेशकों ने अपना रिटर्न बढ़ाने और जोखिम को कम करने के लिये अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश के लिये वैश्विक बाजारों का उपयोग किया। भारतीय पूंजी निवेश के लिये ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी, अमेरिका और आस्ट्रेलिया शीर्ष निवेश गंतव्य रहे। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ''भू-राजनीतिक कारकों के साथ दीर्घकालीन निवेश चक्र और दीर्घकालीन निवेश चक्र में ब्याज दर को देखते हुए सीमा पार पूंजी प्रवाह बढ़ रहा है।'' बैजल ने आगे कहा कि भारतीय निवेशक जोखिम को कम करने के लिये अलग-अलग जगहों पर निवेश के लिये तथा अपना रिटर्न बढ़ाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक रीयल एस्टेट संपत्ति पर गौर कर रहे हैं। इस बीच, आलोच्य अवधि में भारतीय वाणिज्यिक रीयल एस्टेट में विदेशी निवेश 2.6 अरब डालर रहा। इस 2.6 अरब डालर के निवेश के साथ इस क्षेत्र में पूंजी आयात करने वाले देशों में भारत 20वें स्थान पर रहा। वहीं 14.30 अरब डालर के साथ चीन छठे स्थान पर रहा। वैश्विक स्तर पर पूंजी आयात करने वाले देशों में अमेरिका शीर्ष स्थान पर रहा। वहां कुल 80.89 अरब डालर का निवेश हुआ। रिपोर्ट के अनुसार पूंजी निवेश निर्यात करने वाले देशों में भी अमेरिका शीर्ष पर है। वहां से 59.62 अरब डालर का निवेश किया गया।

अगले दो विश्व कप मैच नहीं खेलेंगे जेसन रॉय

मैनचेस्टर (आरएनएस)। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय आईसीसी विश्व कप-2019 के अगले दो मैच नहीं खेलेंगे। उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत है। इंग्लैंड को मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलना है। उसके बाद उसे 27 मार्च को श्रीलंका के खिलाफ उतरना है। रॉय को बीते शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए मैच में चोट लग गई थी इसलिए वे पारी की शुरुआत करने भी नहीं आए थे। जोए रूट ने पारी की शुरुआत की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, रॉय इंग्लैंड की मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन में होने वाले मैच से पहले उनके ऊपर फैसला लिया जाएगा।

आज का राशिफल

मेषः- आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। सूझबूझ से काम लें तो आज अतिरिक्त धन प्राप्त कर सकते हैं। कर्म की प्रबलता रहेगी। आर्थिक योजनाएं सफल होगी।

वृषभः- दोपहर तक सभी कार्य सतर्कता पूर्वक करें। उसके बाद भाग्य का साथ भरपूर मिलेगा जो आगामी दिनों में लाभ भी देकर जाएगा।

मिथुनः- आज आपके अतीत से जुड़ा कोई शख्स आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन बिता पाएंगे।

कर्कः- आज अचानक कोई अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा।

सिंहः- अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें। नई योजना बनाने हेतु माता-पिता का आशीर्वाद एवं सलाह अवश्य लें।

कन्याः- आज न चाहते हुए भी वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें, दोपहर बाद से स्थिति में सुधार होगा।

तुलाः- पराक्रम के बल पर कार्य क्रियान्वित होंगे, लेकिन संघर्ष में अधिकता के कारण मन में खीझ होने लगेगी।

वृश्चिकः- आज धन का आगमन होगा। मेहनत के अनुपात में शुभ लाभ अवश्य प्राप्त होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी। आज आपका मनोबल बढ़ेगा।

धनुः- आज धन प्राप्ति का योग एवं धन निवेश से लाभ होगा। परिवार के सदस्यों से मेलजोल बढ़ाना लाभकारी रहेगा। उन्नति के अनेक अवसर मिलेंगे।

मकरः- आज आपको उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। कार्य में उत्साह बना रहेगा। पुरानी समस्याओं का अंत होगा। प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी।

कुंभः- आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी होगा। आज आप अत्यधिक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाऐं आ सकती हैं। व्यर्थ की यात्रा भी हो सकती है।

मीनः- आज आपको ऑफिस में विशेष लाभ होगा। आज सभी कार्य पूर्ण होंगे। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। आज आपका चित्त प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी। आज का उन्नति दायक दिन होगा। परिजनों के साथ भोजन का आनंद उठाएंगें।

शोएब मलिक ने दिया ट्रोलर्स को करारा जवाब, पाक मीडिया पर भी भड़के

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईसीसी वर्ल्ड कप में भारत से मिली 89 रनों की करारी हार के बाद से पाकिस्तान टीम को लेकर हंगामा मचा हुआ है। जहां पाक टीम के फैन हार को पचा नहीं पा रहे हैं तो मीडिया हाथा धोकर खिलाड़ियों के पीछे पड़ी हुई है। इसमें सबसे अधिक मुश्किल शोएब मलिक की दिखाई दे रही है। एक तो वह मैच में खाता खोले बगैर आउट हो गए, दूसरा उनका एक विडियो सोशल मीडया पर वायरल हो गया। फिर क्या था उन्हें इसका जवाब देने के लिए ट्वीट तक करना पड़ा। खुद को ट्रोल किए जाने पर शोएब मलिक ने पाकिस्तानी मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुख है कि मुझे सफाई देनी पड़ रही है।

होल्डर ने हार के लिए बल्लेबाजों को दोषी ठहराया

टॉनटन (आरएनएस)। वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने माना कि बांग्लादेश के खिलाफ हुए मैच में उनकी टीम ने 40-50 रन कम बनाए। बांग्लादेश ने सोमवार को यहां खेले गए विश्व कप के मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सात विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने आठ विकेट के नुकसान पर 321 रन बनाए जबकि बांग्लादेश ने इस लक्ष्य को 41.3 ओवरों में तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। होल्डर ने मैच के बाद कहा, हमने करीब 40-50 रन कम बनाए। पिच पूरे दिन बेहतरीन रही, बस हम रन नहीं बना पाए। इसके अलावा, हम अनुशासन के साथ गेंदबाजी भी कर सकते थे और हमने फील्डिंग में भी गलतियां की।

होल्डर ने कहा, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करना मुश्किल हो सकता था, लेकिन हमने पहले 10 ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। हम ऐसी स्थिति में थे जहां से लय हासिल नहीं कर पाए, हमें बीच के ओवरों में लय पकड़नी चाहिए थी। हमें अंतिम ओवरों में बहुत कुछ करना पड़ा। उन्होंने गेंदबाजों के विकेट नहीं ले पाने पर भी दुख जाहिर किया। होल्डर ने कहा, हमें विकेट नहीं मिले और हमने एक-दो मौके भी गंवाए। हमने स्टंप के टॉप को हिट करने का प्रयास किया, लेकिन उसमें कामयाब नहीं हो पाए। कोई बहाना नहीं है। हमने थोड़ा और अनुशासन दिखाना चाहिए था। विश्व कप में वेस्टइंडीज का अगला मुकाबला शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

ऐसे बनाए स्वादिष्ट लच्छा पालक पराठा ...

लच्छा पालक पराठा खाने में बेहद स्वादिष्ट होने के साथ साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता हैं। आज आपको बताते हैं लच्छा पराठा बनाने की सबसे आसान विधि के बारे में...

सामग्री

दो कप गेहूं का आटा, 200 ग्राम पालक, 3 से 4 बड़ी चम्मच घी, आध इंच टुकड़ा अदरक, एक हरी मिर्च, 1/2 छोटी चम्मच या स्वादानुसार नमक, 1/4 छोटी चम्मच अजवायन

विधि

सर्व प्रथम पालक को मोटा-मोटा काट लें। अदरक तथा हरी मिर्च को भी साफ करके काट लें। अब तीनों सामग्रियों को मिक्सर में थोड़ा पानी मिला कर पीस लीजिए। पालक की प्यूरी तैयार है।

अब आटे में पालक की प्यूरी, दो छोटी चम्मच घी, अजवायन तथा नमक मिला कर नरम गूंथ लीजिए। इसे 15 से 20 मिनट के लिए ढंक कर रखें ताकि यह सेट हो जाए। 20 मिनट के बाद इसमें से छोटे-छोटे आकार की लोईयां लेकर पतले गोल पराठें बेल लीजिए।

बेले हुए पराठे पर चम्मच से घी लगाएं और परतें डालते हुए रोल कर लीजिए। इस रोल को गोल करते हुए लपेटकर बंद कर लें। लोई को सूखे आटे में लपेट कर 5 से 6 इंच के व्यास में परांठा बेल लें। अब गर्म तवे पर घी लगा कर चिकना कर लें।

शब्द सामर्थ्य- 99

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 98 का हल

खा	म	खां	■	■	इं	■	■	■
स	ह	■	ब	र	सा	त	■	प
■	क	हा	नी	■	न	क	च	ढ़ा
त	■	■	स्व	■	■	ली	■	ई
क	या	म	त	■	क	फ	न	■
दी	■	दां	■	बा	बू	■	ह	वा
र	ह	ना	■	ल	त	खो	र	■
■	वा	■	नौ	क	र	■	■	सा
भा	ई	■	का	■	■	बा	द	ल

सू-दोकू- 99

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.98 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6